**Roll. No. .........................**

**O.M.R. Serial No.** | | | | | | | | |

| Question Booklet Number |
|---|
| |

# M.A. (SEM.-IV) (NEP) (SUPPLE.)EXAMINATION, 2024-25

# HINDI

## ( शैली विज्ञान )

**(Elective)**

| Paper Code | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| A | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 3 | T |

| Question Booklet Series |
|---|
| **A** |

**Time : 1 : 30 Hours** **Max. Marks : 75**

**Instructions to the Examinee :**

1. Do not open the booklet unless you are asked to do so.
2. The booklet contains 100 questions. Examinee is required to answer 75 questions in the OMR Answer-Sheet provided and not in the question booklet. All questions carry equal marks.
3. Examine the Booklet and the OMR Answer-Sheet very carefully before you proceed. Faulty question booklet due to missing or duplicate pages/questions or having any other discrepancy should be got immediately replaced.
4. Four alternative answers are mentioned for each question as - A, B, C & D in the booklet. The candidate has to choose the correct / answer and mark the same in the OMR Answer-Sheet as per the direction :

***(Remaining instructions on last page)***

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :**

1. प्रश्न-पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक आपसे कहा न जाए।
2. प्रश्न-पुस्तिका में 100 प्रश्न हैं। परीक्षार्थी को 75 प्रश्नों को केवल दी गई OMR आन्सर-शीट पर ही हल करना है, प्रश्न-पुस्तिका पर नहीं। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. प्रश्नों के उत्तर अंकित करने से पूर्व प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR आन्सर-शीट को सावधानीपूर्वक देख लें। दोषपूर्ण प्रश्न-पुस्तिका जिसमें कुछ भाग छपने से छूट गए हों या प्रश्न एक से अधिक बार छप गए हों या उसमें किसी अन्य प्रकार की कमी हो, उसे तुरन्त बदल लें।
4. प्रश्न-पुस्तिका में प्रत्येक प्रश्न के चार सम्भावित उत्तर- A, B, C एवं D हैं। परीक्षार्थी को उन चारों विकल्पों में से सही उत्तर छाँटना है। उत्तर को OMR उत्तर-पत्रक में सम्बन्धित प्रश्न संख्या में निम्न प्रकार भरना है :

*(शेष निर्देश अन्तिम पृष्ठ पर)*

1. 'जब विचार को रूप दिया जाता है, तभी शैली का जन्म होता है' - यह कथन किस विद्वान का है ?
   (A) अरस्तू
   (B) जॉनसन
   (C) प्लेटो
   (D) डेविड रोबे
2. इनमें से कौन-सा भाषिक संरचना का स्तर नहीं है ?
   (A) शब्द
   (B) ध्वनि
   (C) वाक्य
   (D) बोली
3. कल्पना द्वारा ऐन्द्रिय अनुभवों के आधार पर निर्मित शब्द चित्र क्या कहलाता है ?
   (A) कल्पना
   (B) बिम्ब
   (C) फैंटेसी
   (D) दृश्य
4. "काव्य वस्तु नहीं बल्कि काव्य शैली महत्त्वपूर्ण है", - यह कथन सम्बन्धित है -
   (A) कलावाद
   (B) मार्क्सवाद
   (C) अलंकारवाद
   (D) अभिव्यंजनावाद
5. भाषा समाज की वस्तु है जबकि शैली होती है-
   (A) व्यक्तिगत
   (B) सामूहिक
   (C) एकल
   (D) इनमें से कोई नहीं
6. 'मुख-सुख' किसे कहते हैं ?
   (A) मुख को सुख
   (B) कम बोलना
   (C) प्रयत्न लाघव
   (D) शान्त रहना
7. भारतीय काव्यशास्त्र में शैली का पर्याय शब्द है-
   (A) रस
   (B) रीति
   (C) ध्वनि
   (D) अलंकार
8. छन्दबद्ध रचना में शब्द चयन का आधार होता है -
   (A) तुक
   (B) लय
   (C) मात्रा
   (D) उपर्युक्त सभी
9. 'अक्षर' में आवश्यक है एक -
   (A) स्वर
   (B) व्यंजन
   (C) स्वर-व्यंजन
   (D) इनमें से कोई नहीं
10. किस विद्वान का मानना है कि 'काव्य का सौन्दर्य विषय पर नहीं बल्कि शैली पर निर्भर है' ?
   (A) डॉक्टर जॉनसन
   (B) बेनेदितो क्रोंचे
   (C) कॉलरिज
   (D) मैथ्यू अर्नाल्ड
11. अर्थ-परिवर्तन का भेद है -
   (A) अर्थादेश
   (B) अर्थ-संकोच
   (C) अर्थ-विस्तार
   (D) उपर्युक्त सभी
12. "हर व्यक्ति एक विशिष्ट शैली अपनाता है", यह कथन किस विद्वान का है ?
   (A) कॉलरिज
   (B) अरस्तू
   (C) डॉ. जॉनसन
   (D) वर्ड्सवर्थ

13. ऐन्द्रिय बिम्ब कितने प्रकार का होता है ?
(A) 5
(B) 4
(C) 3
(D) 6

14. भारोपीय परिवार की भाषा नहीं है –
(A) अंग्रेजी
(B) हिन्दी
(C) तमिल
(D) सिन्धी

15. निम्नांकित पद्य में कौन-सा बिम्ब है ?
घिर रहे थे घुंघराले बाल,
अंस अवलम्बित मुख के पास।
नील घन सावक से सुकुमार,
सुधा भरने को विधु के पास।।
(A) आध्यात्मिक
(B) वस्तुपरक
(C) भावपरक
(D) ऐन्द्रिय

16. 'विशिष्ट पद रचना रीति' कथन का सम्बन्ध किससे है ?
(A) हिन्दी
(B) पालि
(C) प्राकृत
(D) संस्कृत

17. किसी भी भाषा की शैली-भेद के मुख्य आधार होते हैं –
(A) इतिहास
(B) भूगोल
(C) समाज
(D) उपर्युक्त सभी

18. भारत की आधुनिक भाषा नहीं है –
(A) संस्कृत
(B) मराठी
(C) गुजराती
(D) कन्नड़

19. ओज प्रकाशक वर्णों की बहुलता होने पर कौन-सी वृत्ति होगी ?
(A) कोमला
(B) उपनागरिका
(C) परुषा
(D) इनमें से कोई नहीं

20. सांस्कृतिक आधार पर भारतीय मुसलमानों की भाषा कौन-सी है ?
(A) हिन्दी
(B) उर्दू
(C) अरबी
(D) पंजाबी

21. हिन्दुस्तानी शैली के रचनाकार नहीं हैं –
(A) प्रेमचंद
(B) भगवतीचरण वर्मा
(C) जयशंकर प्रसाद
(D) राही मासूम रज़ा

22. काव्य का शोभावर्द्धक धर्म क्या है ?
(A) अलंकार
(B) रस
(C) छन्द
(D) शैली

23. निम्नांकित में से कौन-सा अर्थ का भेद नहीं है?
(A) व्यंग्यार्थ
(B) लक्ष्यार्थ
(C) वाच्यार्थ
(D) शब्दार्थ

24. शैली चयन का आधार नहीं है –
(A) सदृश्यता
(B) यथार्थता
(C) समतुल्यता
(D) पर्यायमूलकता

25. मानक भाषा का पर्याय नहीं है –
(A) परिनिष्ठित भाषा
(B) साधुभाषा
(C) साहित्यिक भाषा
(D) नागर भाषा

26. प्राचीन भारतीय शैलियाँ हैं –
(A) प्रबन्ध
(B) मुक्तक
(C) इनमें से कोई नहीं
(D) (A) और (B) दोनों

27. इनमें से कौन ध्वनि परिवर्तन का कारण नहीं है?
(A) ध्वनि का परिवेश
(B) अनुकरणपूर्णता
(C) ध्वनि की प्रकृति
(D) प्रयत्न-लाघव

28. भारतीय नाट्य शैली से सम्बन्धित प्राचीन ग्रंथ है –
(A) काव्यशास्त्र
(B) साहित्यशास्त्र
(C) नाट्यशास्त्र
(D) अर्थशास्त्र

29. वाक्य की पूर्णता आवश्यक है –
(A) व्याकरण की दृष्टि से
(B) अर्थ की दृष्टि से
(C) शब्दों की दृष्टि से
(D) विचार की दृष्टि से

30. कौन-सा युग्म असंगत है ?
(A) ब्रजभाषा – लखनऊ
(B) खड़ी बोली – आगरा
(C) अवधी – लखनऊ
(D) भोजपुरी – मेरठ

31. जो शब्द किसी व्यक्ति के प्रतीक बन जाते हैं, उन्हें कहते हैं –
(A) नर्सरी शब्द
(B) सम्बन्धी शब्द
(C) वाचक शब्द
(D) वाच्य शब्द

32. निम्नांकित में से कौन-सी भाषा भारत की मध्यकालीन भाषा नहीं है ?
(A) प्राकृत
(B) संस्कृत
(C) पालि
(D) अपभ्रंश

33. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए –
वाक्य भाषा की ......... इकाई है।
(A) सरल
(B) लघुतम
(C) दीर्घ
(D) सहज

34. हिन्दी में काल, वचन, लिंग व पुरुष का बोध कराने वाले शब्दों को कहा जाता है –
(A) अर्थतत्त्व
(B) शैली तत्त्व
(C) भाव तत्त्व
(D) सम्बन्ध तत्त्व

35. असंगत युग्म का चयन कीजिए –
(A) चार्ल्स वेली – शैली विज्ञान
(B) भरतमुनि – नाट्यशास्त्र
(C) डेविड रोबे – अलंकारशास्त्री
(D) सस्यूर – भाषा विज्ञान

36. क्षेत्रीय शैली का सम्बन्ध किससे है ?
(A) इतिहास
(B) भूगोल
(C) समाज
(D) व्यक्ति

37. काव्य-भाषा है -
(A) सर्जनात्मक भाषा
(B) संरचनात्मक भाषा
(C) परिनिष्ठत भाषा
(D) परिमार्जित भाषा

38. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए -
'भाषा एक ..........है।'
(A) संश्लिष्टता
(B) व्यवस्था
(C) प्रतिदर्श
(D) प्रतिसंकल्प

39. 'विचारों के परिधान को शैली' किस विद्वान ने कहा है ?
(A) डेविड रोबे
(B) डॉक्टर जॉनसन
(C) आई. कांट
(D) वेस्टर फील्ड

40. 'खारा पानी' शब्द का शास्त्रीय भाषा में प्रयोग होगा -
(A) नमकीन पानी
(B) बेकारी पानी
(C) लवण-जल
(D) समुद्री पानी

41. 'बौद्ध धर्म' का अधिकांश साहित्य किस भाषा में प्राप्त होता है ?
(A) पालि
(B) प्राकृत
(C) संस्कृत
(D) हिन्दी

42. निम्नांकित में से 'अध्याहार' का अर्थ होगा -
(A) ले आना
(B) हटाना
(C) स्पष्ट करना
(D) घोषित करना

43. 'छन्द के आधार पर शब्दों का चयन यदि गुण नहीं है तो क्या होगा ?
(A) दोष
(B) तुकबन्दी
(C) विकार
(D) त्रुटि

44. शैली विज्ञान का जनक किसे माना जाता है ?
(A) डेविड रोबे
(B) टी.एस. इलियट
(C) प्लेटो
(D) चार्ल्स बेली

45. हिन्दी के प्रसाद, पंत और निराला की काव्य-शैली निम्नांकित में से कौन-सी है ?
(A) आलंकारिक
(B) आध्यात्मिक
(C) व्यावहारिक
(D) छायावादी

46. रीति सम्प्रदाय के प्रवर्तक आचार्य हैं -
(A) कुन्तक
(B) भामह
(C) वामन
(D) रुद्रट

47. अंग्रेजी शब्द 'प्लीट' का हिन्दी में 'प्लेट' हो जाना, भाषा परिवर्तन का कौन-सा रूप है ?
(A) शब्द-परिवर्तन
(B) अर्थ-परिवर्तन
(C) वाक्य परिवर्तन
(D) ध्वनि परिवर्तन

48. भारत की आधुनिक भाषा नहीं है -
(A) संस्कृत
(B) पंजाबी
(C) मराठी
(D) बंगाली

49. किसी शब्द के प्रधान अर्थ का 'गौण' हो जाना और गौण अर्थ का 'प्रधान' हो जाना क्या कहलाता है ?

(A) अर्थ-संकोच

(B) अर्थादेश

(C) अर्थ-विस्तार

(D) अर्थापत्ति

50. किस विद्वान ने कहा था – "सर्वोत्तम शब्दों का सर्वोत्तम क्रम काव्य है।" ?

(A) मैथ्यू अर्नाल्ड

(B) कॉलरिज

(C) शेली

(D) अरस्तू

51. 'शब्दार्थौ सहितौ काव्यम्' किस ग्रंथ से उद्धृत है ?

(A) काव्यादर्श

(B) काव्यालंकार

(C) साहित्यदर्पण

(D) काव्यप्रकाश

52. 'मुहावरों' में कौन-सा अर्थ प्रधान होता है ?

(A) लक्ष्यार्थ

(B) वाच्यार्थ

(C) शब्दार्थ

(D) व्यंग्यार्थ

53. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए –
'भाषा' एक व्यवस्था है जबकि –'वाक्' एक…
….. है।

(A) व्यवसाय

(B) वृत्ति

(C) रीति

(D) शब्द

54. निम्नांकित में से कौन-सा भिन्न है ?

(A) गुजराती

(B) मराठी

(C) पंजाबी

(D) तेलुगु

55. सही युग्म का चयन कीजिए –

(A) संस्कृत – खरोष्ठी

(B) अंग्रेजी – इंगलिस

(C) पंजाबी – गुरुमुखी

(D) हिन्दी – ब्राह्मी

56. अपभ्रंश और हिन्दी की संधिकालीन भाषा कौन-सी है ?

(A) संस्कृत

(B) अवहट्ट

(C) मागधी

(D) पैशाची

57. 'पद' का अन्य नाम क्या है ?

(A) छन्द

(B) वाक्य

(C) शब्द

(D) रूप

58. 'काव्यस्य आत्माध्वनिरिति' किस ग्रंथ से ली गयी है ?

(A) ध्वन्यालोक

(B) साहित्यदर्पण

(C) अलंकार सूत्रवृत्ति

(D) साहित्य रसायन

59. भाषा के अर्थ में हिन्दी का प्रयोग सर्वप्रथम किस ग्रंथ में किया गया है –

(A) ऋग्वेद

(B) शब्दानुसाशन

(C) बाबरनामा

(D) जफरनामा

60. 'शब्द के उच्चारण से जिसकी प्रतीति होती है; उसे क्या कहते हैं ?

(A) वाक्य

(B) अर्थ

(C) शब्द

(D) रूप

61. शैली का सम्बन्ध किससे नहीं होता है ?
- (A) वक्ता
- (B) लेखक
- (C) सम्पादक
- (D) कवि

62. कोई बोली जब अपने सीमित क्षेत्र से निकलकर विस्तृत क्षेत्र या समूह द्वारा प्रयुक्त होने लगती है तो वह बन जाती है –
- (A) मानक भाषा
- (B) क्षेत्रीय भाषा
- (C) आंचलिक भाषा
- (D) लिखित भाषा

63. 'साहित्यशास्त्र' में 'काव्य' का अर्थ है –
- (A) कविता
- (B) साहित्य
- (C) गद्य
- (D) पद्य

64. शैली विज्ञान का प्रारम्भ कब से माना जाता है?
- (A) इक्कीसवीं सदी
- (B) अट्ठारहवीं सदी
- (C) उन्नीसवीं सदी
- (D) बीसवीं सदी

65. पी.गेरो ने शैली विज्ञान के कितने भेद माने हैं?
- (A) सात
- (B) तीन
- (C) चार
- (D) पाँच

66. शैली विज्ञान का सम्बन्ध भाषा की निम्नांकित किस पद्धति से होता है ?
- (A) अभिव्यक्ति
- (B) प्रकार्यात्मक
- (C) अभिव्यंजना
- (D) प्रतीकवाद

67. आचार्य क्षेमेन्द्र ने किस सिद्धान्त का प्रवर्तन किया ?
- (A) औचित्य
- (B) अलंकार
- (C) रस
- (D) शील

68. दो भिन्न भाषाओं के अध्ययन की शैली कैसी होगी ?
- (A) व्यतिरेकी
- (B) तुलनात्मक
- (C) ऐतिहासिक
- (D) समेकित

69. निम्नांकित में से भिन्न को अलग कीजिए –
- (A) केशवदास
- (B) भामह
- (C) दण्डी
- (D) रामचन्द्र शुक्ल

70. 'पदों' या 'शब्दों' के समूह को क्या कहते हैं ?
- (A) वाक्य
- (B) व्याकरण
- (C) भाषा
- (D) इनमें से कोई नहीं

71. रचना के आधार पर वाक्यों के कितने भेद किए जा सकते हैं ?
- (A) पाँच
- (B) छः
- (C) चार
- (D) तीन

72. निम्नांकित में से कौन-सी शैली चयन का आधार नहीं है ?
- (A) समतुल्यता
- (B) रचनात्मकता
- (C) सदृश्यता
- (D) पर्यायमूलकता

73. हिन्दी भाषा में मक्खी, चींटी, चिड़िया आदि इकारान्त शब्दों का प्रयोग सदा होता है –

(A) पुल्लिंग में

(B) नपुंसकलिंग में

(C) उभयलिंग में

(D) स्त्रीलिंग में

74. निम्नांकित में से 'कोश निर्माण' हेतु आवश्यक है –

(A) शब्द-निर्णय

(B) शब्द-क्रम

(C) शब्द-संकलन

(D) उपर्युक्त सभी

75. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए –

'शैली का चयन व्यक्ति अपनी .......... और ..........के अनुसार करता है'।

(A) आवश्यकता, रुचि

(B) भाषा, छन्द

(C) समय, परिस्थिति

(D) अभिव्यक्ति, अभिव्यंजना

76. 'अंलकारणपरक शैली विज्ञान' के प्रस्तोता हैं –

(A) आई. काण्ट

(B) डेविड रोबे

(C) वेस्टर फील्ड

(D) डोनाल्ड सी.

77. किसके अनुसार भारतीय शैली वैज्ञानिकों में सम्मिलित हैं ?

(A) डॉ. विद्यानिवास मिश्र

(B) डॉ. नगेन्द्र

(C) डॉ. शशिभूषण पाण्डेय

(D) उपर्युक्त सभी

78. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए –

शैली वैज्ञानिक समीक्षा के केन्द्र में रचना की . .........रहती है।

(A) विषय

(B) भाषा

(C) शब्द

(D) अर्थ

79. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के निबन्ध 'श्रद्धा और भक्ति' में किस शैली का प्रयोग हुआ है ?

(A) निगमन शैली

(B) विवेचनात्मक शैली

(C) विवरणात्मक शैली

(D) काव्यात्मक शैली

80. फणीश्वर नाथ रेणु के 'मैला आँचल' में किस शैली की प्रधानता है ?

(A) प्रतीकात्मक

(B) निगमनात्मक

(C) क्षेत्रीय

(D) आगमनात्मक

81. सामान्य भाषा जब विशिष्ट शास्त्रों के लिए प्रयुक्त की जाती है, तो उसे कहते हैं –

(A) विशिष्ट भाषा

(B) परिनिष्ठित भाषा

(C) परिष्कृत भाषा

(D) शास्त्रीय भाषा

82. अर्थ-परिवर्तन का प्रकार नहीं है –

(A) अर्थ-विस्तार

(B) अर्थ-संकोच

(C) अर्थ-व्यापार

(D) अर्थादेश

83. शैली-विज्ञान में ‘प्रयुक्ति’ का अर्थ निम्नांकित में से क्या होगा ?

(A) प्रयोजनमूलक शैली

(B) व्यावहारिक शैली

(C) प्रयोजनवती भाषा

(D) इनमें से कोई नहीं

84. ‘शैली-विज्ञान’ पुस्तक के रचनाकार हैं -

(A) डॉ. कृष्ण कुमार शर्मा

(B) डॉ. नगेन्द्र

(C) डॉ. विद्यानिवास मिश्र

(D) इनमें से कोई नहीं

85. ‘रामचरितमानस’ में से किस शैली का प्रयोग किया गया है ?

(A) मुक्तक

(B) वर्णनात्मक

(C) कड़वक

(D) भावात्मक

86. किस नाटककार ने अपने नाटकों में ‘काव्यात्मक-शैली’ का प्रयोग किया है ?

(A) जगदीश चन्द्र माथुर

(B) उपेन्द्रनाथ अश्क

(C) मोहन राकेश

(D) जयशंकर प्रसाद

87. ‘अव्ययों’ का प्रयोग हिन्दी में किसलिए किया जाता है -

(A) सम्बन्ध तत्त्व

(B) अर्थतत्त्व

(C) वाक्य-निर्माण

(D) रूप निर्माण

88. ‘जो पद या अवयव एक दूसरे के निकट होते हैं’ उन्हें वाक्य की दृष्टि से क्या कहा जायेगा ?

(A) पद नैकट्य

(B) निकस्ट अवयव

(C) वाक्यांश

(D) इनमें से कोई नहीं

89. किस काल में ‘गद्यात्मक शैली’ का प्रचुर प्रयोग हुआ है ?

(A) आदिकाल

(B) भक्तिकाल

(C) आधुनिक काल

(D) रीतिकाल

90. ‘पृथ्वीराज रासो’ में शुक-शुकी के कथनों में किस प्रकार की शैली का प्रयोग किया गया है?

(A) पद्यात्मक

(B) भावात्मक

(C) विचारात्मक

(D) संवादात्मक

91. ‘पुरुष’ के आधार पर क्रिया में क्या परिवर्तन होता है ?

(A) रूप-परिवर्तन

(B) अर्थ-परिवर्तन

(C) भाव-परिवर्तन

(D) वाच्य-परिवर्तन

92. अर्थबोध का साधन है -

(A) व्यवहार

(B) व्याकरण

(C) प्रकरण

(D) उपर्युक्त सभी

93. 'कबीर' की साखियाँ किस शैली में रचित हैं ?

(A) प्रबन्ध

(B) विवरणात्मक

(C) दोहा

(D) विवेचनात्मक

94. लोक साहित्य में किस शैली का प्रयोग होता है?

(A) प्रचलित शैली

(B) क्षेत्रीय शैली

(C) ग्रामीण शैली

(D) नागर शैली

95. सिनेमा में किस शैली का प्रयोग किया जाता है?

(A) दृश्य शैली

(B) श्रव्य शैली

(C) प्रगीत शैली

(D) दृश्य-श्रव्य शैली

96. 'दो व्यक्तियों की बातचीत में प्रयुक्त शैली है –

(A) वार्तालाप

(B) आलाप

(C) संलाप

(D) इनमें से कोई नहीं

97. 'जूठन' किस शैली की रचना है ?

(A) परिचयात्मक

(B) भावपूर्ण

(C) आत्मकथात्मक

(D) विरोधमूलक

98. ''कुसंग का ज्वर सबसे भयानक होता है।'' वाक्य में किस शैली का प्रयोग हुआ है ?

(A) आत्मकथात्मक

(B) सूत्रात्मक

(C) भावनात्मक

(D) वाक्यात्मक

99. 'वाक्य रचना' हेतु निम्नांकित में से किसकी आवश्यकता नहीं है ?

(A) पदक्रम

(B) अन्वय

(C) लोप

(D) व्यतिक्रम

100. 'शोध प्रबन्ध-लेखन' में किस शैली का प्रधानतः प्रयोग होता है ?

(A) गवेषणात्मक

(B) विवरणात्मक

(C) निबन्धात्मक

(D) शोधप्रबन्ध शैली

रफ कार्य

**Example :**

**Question :**

Q.1 Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ

Q.2 Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ

Q.3 Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ

5. Each question carries equal marks. Marks will be awarded according to the number of correct answers you have.

6. All answers are to be given on OMR Answer Sheet only. Answers given anywhere other than the place specified in the answer sheet will not be considered valid.

7. Before writing anything on the OMR Answer Sheet, all the instructions given in it should be read carefully.

8. After the completion of the examination, candidates should leave the examination hall only after providing their OMR Answer Sheet to the invigilator. Candidate can carry their Question Booklet.

9. There will be no negative marking.

10. Rough work, if any, should be done on the blank pages provided for the purpose in the booklet.

11. To bring and use of log-book, calculator, pager & cellular phone in examination hall is prohibited.

12. In case of any difference found in English and Hindi version of the question, the English version of the question will be held authentic.

**Impt. On opening the question booklet, first check that all the pages of the question booklet are printed properly. If there is any discrepancy in the question Booklet, then after showing it to the invigilator, get another question Booklet of the same series.**

उदाहरण :

प्रश्न :

प्रश्न 1 Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ

प्रश्न 2 Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ

प्रश्न 3 Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ

5. प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं। आपके जितने उत्तर सही होंगे, उन्हीं के अनुसार अंक प्रदान किये जायेंगे।

6. सभी उत्तर केवल ओ०एम०आर० उत्तर-पत्रक (OMR Answer Sheet) पर ही दिये जाने हैं। उत्तर-पत्रक में निर्धारित स्थान के अलावा अन्यत्र कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य नहीं होगा।

7. ओ०एम०आर० उत्तर-पत्रक (OMR Answer Sheet) पर कुछ भी लिखने से पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लिया जाये।

8. परीक्षा समाप्ति के उपरान्त परीक्षार्थी कक्ष निरीक्षक को अपनी OMR Answer Sheet उपलब्ध कराने के बाद ही परीक्षा कक्ष से प्रस्थान करें। परीक्षार्थी अपने साथ प्रश्न-पुस्तिका ले जा सकते हैं।

9. निगेटिव मार्किंग नहीं है।

10. कोई भी रफ कार्य, प्रश्न-पुस्तिका में, रफ-कार्य के लिए दिए खाली पेज पर ही किया जाना चाहिए।

11. परीक्षा-कक्ष में लॉग-बुक, कैल्कुलेटर, पेजर तथा सेल्युलर फोन ले जाना तथा उसका उपयोग करना वर्जित है।

12. प्रश्न के हिन्दी एवं अंग्रेजी रूपान्तरण में भिन्नता होने की दशा में प्रश्न का अंग्रेजी रूपान्तरण ही मान्य होगा।

**महत्वपूर्णः प्रश्नपुस्तिका खोलने पर प्रथमतः जाँच कर देख लें कि प्रश्नपुस्तिका के सभी पृष्ठ भलीभाँति छपे हुए हैं। यदि प्रश्नपुस्तिका में कोई कमी हो, तो कक्षनिरीक्षक को दिखाकर उसी सिरीज की दूसरी प्रश्नपुस्तिका प्राप्त कर लें।**